# गैस एजेंसियों का आपदा में अवसर : ग्राहक को पता ही नहीं और डिलीवर हो गया सिलेंडर

## गैस एजेंसी संचालकों द्वारा ब्लैक की जा रही टंकी, उपभोक्ताओं के नाम से की जा रही फर्जी बुकिंग



**शाजापुर, 25 मार्च. आपदा में अवसर ढूंढने में शाजापुर गैस एजेंसियां माहिर हैं. कई उपभोक्ताओं को पता ही नहीं है कि उनके नाम से कब टंकी बुक हो गई और कब डिलीवर हो गई. नवभारत ने ऐसे कई उपभोक्ताओं के नंबर बुकिंग केंद्र पर फोन लगाया, तो पता चला कि उपभोक्ता के नंबर बुक होकर उनकी टंकी डिलीवर हो गई, लेकिन असल में उन उपभोक्ताओं को नहीं मिली, जिनके नाम से कनेक्शन है. याने कि गैस एजेंसियों द्वारा धड़ल्ले से ब्लैक में सिलेंडर बेचे जा रहे हैं.**

एक उपभोक्ता का कनेक्शन नंबर 5502 और 32717 है. इस नंबर से उपभोक्ता ने कोई बुकिंग नहीं की, लेकिन जब उपभोक्ता ने बुक करने के लिए फोन किया, तो पता चला कि ये टंकी 9 मार्च को ही डिलीवर हो गई. अब सवाल यह उठता है कि जब ये टंकी उपभोक्ता को नहीं मिली, तो ये टंकी गई कहां. और किसने इसे बुक किया. प्रशासन को चाहिए कि शाजापुर की तीनों गैस एजेंसियों की यदि बारीकी से जांच करें, तो बुकिंग के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा और बड़ी मात्रा में ब्लैक की गई टंकियों की जानकारी लग सकती है.

### 6, 9 और 11 मार्च को सबसे ज्यादा फर्जी बुकिंग...

गैस एजेंसियों पर सबसे ज्यादा फर्जी उपभोक्ताओं के नाम पर 6, 9 और 11 मार्च को बुकिंग हुई. इन तारीखों पर जो टंकी बुक हुई, वो डिलीवर भी हो गई, लेकिन उन उपभोक्ताओं को नहीं मिली, जिनके नाम से कनेक्शन है, तो आखिर टंकी गई कहां. याने सीधी ब्लैक कर दी गई.

### ब्लैक में बिक रहे गैस सिलेंडर...

शाजापुर में तीन गैस एजेंसियां है. जिनमें कुछ गैस एजेंसियों में खुलेआम उपभोक्ताओं के नाम से फर्जी तरीके से बुकिंग कर उनकी टंकियों को दो-दो हजार में बेचा जा रहा है. जब उपभोक्ता टंकी बुक करने के लिए फोन करता है, तो पता चलता है कि उनके नाम की टंकी बुक हो गई है और डिलीवर भी हो गई है. यही कारण है कि लोग गैस की टंकी के लिए परेशान हैं और बुकिंग नंबर पर उपभोक्ताओं को मैसेज मिलता है कि आपकी टंकी डिलीवर कर दी गई है. जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग को चाहिए कि वे सभी गैस एजेंसियों की बारीकी से जांच करें और जिन उपभोक्ताओं के नाम से फर्जी बुकिंग की गई, यदि उनसे चर्चा करें, तो फर्जी बुकिंग और टंकी की कालाबाजारी का घोटाला उजागर हो जाएगा.

### कोरोना में मेडिकल वालों की, तो अब पम्प-गैस एजेंसी वालों की पूछपरख बढ़ी

कोरोना काल में जिस तरीके से मेडिकल वालों की पूछपरख बढ़ गई थी. लोग रेमडेसिविर इंजेक्शन के लिए हर मेडिकल स्टोर पर धोक दे रहे थे. उसकी याद अब पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसी पर लगने वाली कतारों ने ताज कर दी है. पेट्रोल पम्प पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए लोग पेट्रोल पम्प मालिकों से पेट्रोल-डीजल की गुहार लगा रह हैं. तो वहीं गैस एजेंसी के मालिक और कर्मचारी भी इन दिनों पूछपरख में पीछे नहीं हैं. गौरतलब है कि बीती रात अचानक किसी ने अफवाह फैला दी कि पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है, जिसके बाद पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की लंबी कतार लगना शुरू हो गई. रात 12 बजे बाद तक लोग पेट्रोल-डीजल डलवाने के लिए वाहनों के साथ पम्प पर कतारों में जमे रहे. शाजापुर शहर में कुल 5 पेट्रोल पम्प हैं, जिनमें 3 पम्पों पर पहले से ही पेट्रोल-डीजल खत्म है. इस कारण दो पेट्रोल पम्पों पर अचानक भीड़ उमड़ी. यहां तक कि फोरलेन पर जिन पेट्रोल पम्पों पर मक्खिया भिनभिनाती थी, वहां भी गाड़ियों की दो-दो किलोमीटर तक लाइन लगी हुई थी. प्रशासन का कहना है कि डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है. लेकिन अफवाह के चलते लोग मानने को तैयार ही नहीं है. लोगों को लग रहा है कि

---

## एक नजर में

### त्योहार व वार्षिक लेखा बंदी के चलते लगातार 9 दिन बंद रहेगी मंडी

**शुजालपुर, 25 मार्च.** क्षेत्र की प्रमुख कृषि उपज मंडी एवं फल सब्जी मंडी में इन दिनों अवकाश एवं बंदी का सिलसिला जारी है. धार्मिक पर्वों, साप्ताहिक अवकाश और वार्षिक लेखा बंदी के कारण शुजालपुर मंडी में लगातार कई दिनों तक अनाज एवं सब्जी की नीलामी प्रभावित रहेगी. मिली जानकारी अनुसार 9 दिनों तक मंडी बंद रहेगी. मंडी प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार 26 मार्च को अष्टमी तथा 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर अवकाश रहेगा. इसके बाद 28 मार्च को दूसरा शनिवार व 29 मार्च को रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने से नीलामी कार्य नहीं हो सकेगा. इसी प्रकार 30 मार्च को वार्षिक लेखा बंदी के चलते मंडी बंद रहेगी. 31 मार्च को महावीर जयंती, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती एवं 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है. 1 अप्रैल को भी वार्षिक लेखा बंदी के कारण नीलामी नहीं होगी. लगातार अवकाश के बाद 4 अप्रैल को मंडी पुन: चालू होगी, जहां सभी जिंसों की नियमित नीलामी की जाएगी. 5 अप्रैल को साप्ताहिक अवकाश रहेगा, लगातार बंदी के चलते किसानों और व्यापारियों को अपनी उपज के विक्रय के लिए कुछ दिनों का इंतजार करना होगा.

### ग्रामीणों को आपदी की स्थिति में सर्तकता और बचाव की जानकारी दी



**शुजालपुर, 25 मार्च.** आदर्श गांव अजनई में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में शिवालय परिसर में आपदा प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आपदा की स्थिति में सतर्कता, बचाव एवं प्रबंधन की जानकारी प्रदान करना था, इस अवसर पर नवांकुर संस्था अकोदिया नगर जन उत्थान समिति द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई. कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी राहुल विश्वकर्मा, संस्था प्रतिनिधि, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अजनई के सदस्य एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता राहुल परमार तथा पूर्व छात्र देशराज धनगर विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजनों की सक्रिय सहभागिता रही. ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष केदार सिंह मेवाड़ा, सचिव बाबूलाल मेवाड़ा एवं ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि जगदीश मेवाड़ा सहित अन्य समिति सदस्यों की भी उपस्थिति रही. आदर्श गांव अजनई ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रस्तावना अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत ने रखी, जबकि आभार सचिव बाबूलाल मेवाड़ा ने माना. कार्यक्रम के अंत में देशराज धनगर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया गया. कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा के समय सजग रहने एवं आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया.

### यात्रा निकाल माता को उढ़ाई 101 मीटर की चुनरी



**शुजालपुर, 25 मार्च.** चैत्र नवरात्रि पर्व के चलते नगर में धार्मिक आयोजनों की धूम है. बुधवार को मंडी क्षेत्र में माता के भक्तों द्वारा भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई. यह चुनरी यात्रा शाम को भीलखेडी रोड स्थित देवी मंदिर से मां भवानी भक्त मंडल द्वारा निकाली गई. इस यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल महिलाएं 101 मीटर की चुनरी लेकर माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे. यह यात्रा भीलखेडी रोड से रोकडिया सरकार, एमजी रोड, बस स्टेंड होते हुए दुर्गा दरबार पहुंची. जहां पर मां दुर्गा की पूजा आर्चना उपरांत चुनरी भेंट की गई. इस यात्रा का मार्ग भर में स्वागत किया गया.

**जटाशंकर मंदिर पर होगा कन्या भोज**

सिद्ध क्षेत्र श्री जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में विराजित मां बाला त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी नवदुर्गा मां की चैत्रीय नवरात्रि में दर्शन के लिए बडी संख्या में भक्त पंहुच रहे हैं. यहां पर गुडी पड़वा से घट स्थापना कर भगवती का दिव्य श्रृंगार, सप्तशती पाठ, नित्य होम, 9 दिन तक भव्य आराधना की जा रही है. मंदिर परिसर को भी पुष्पों से व लाइट से सजाया गया है. यहां पर समापन दिवस पर कन्या भोज और अन्य धार्मिक आयोजन होंगे.

### गेहलोत की पुण्यतिथि पर नारी शक्ति सम्मान समारोह होगा

**शुजालपुर, 25 मार्च.** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. सुशील कुमार गेहलोत की पूज्य माताजी स्वर्गीय गौराबाई गेहलोत की पुण्यतिथि 4 अप्रैल को श्रद्धा एवं सेवा कार्यों के साथ मनाई जाएगी. इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराने के लिए सकोरों का वितरण भी किया जाएगा, जिससे जीव-जंतुओं की सेवा का संदेश समाज में प्रसारित हो सके. पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. गेहलोत द्वारा समाजहित में कार्य किए जा रहे हैं. इसी क्रम में 4 अप्रैल को नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट महिला मंडल अकोदिया की सभी सदस्याओं एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा. कार्यक्रम के माध्यम से

---

# जिन सेठों की पूछपरख नहीं हो रही थी, वो इन दिनों पूजा रहे हैं...

**बात शाजापुर की**

मनोज पुरोहित

जिस प्रकार कोरोना काल में मेडिकल मालिकों की अचानक पूछपरख बढ़ गई थी और वे किसी वीआईपी से कम नहीं थे. इसी प्रकार इन दिनों सेलिब्रिटी बनकर उभरे हैं कई पेट्रोल पम्प के मालिक और गैस एजेंसी के संचालक. जिन सेठ और मालिकों को कोई पूछता नहीं था, इन दिनों लोग उन्हें भाई साहब कह-कहकर गला सुखा रहे हैं. और भाई साहब भी अचानक मिले इस सम्मान को हजम नहीं कर पा रहे हैं. पम्पों पर डीजल-पेट्रोल के लिए भीड़, एजेंसी पर टंकी के लिए भीड़ से सेठ तो पुजा ही रहे हैं. साथ ही जो कर्मचारी डीजल-पेट्रोल भर रहे हैं, वे भी इन दिनों मंत्री दर्जा प्राप्त हो रहे हैं. तो गैस एजेंसी पर घर-घर सिलेंडर देने वाले भी आयोग के अध्यक्ष से कम नहीं है. इरान और अमेरिका युद्ध पम्प मालिकों और गैस एजेंसियों के लिए आपदा में लक्ष्मी दर्शन का अवसर लेकर आया है. जिस तरीके से पम्प सेठों और गैस एजेंसी के मालिकों की पूछपरख बढ़ रही है. वे इन दिनों केबिनेट मंत्री के दर्जे से कम नहीं महसूस कर रहे हैं. जो पम्प मालिक और गैस एजेंसी के मालिक मिस कॉल में भी फोन उठा लेते थे, उनका अचानक ऐसा रुतबा बढ़ा कि वे अपने फोन में हवाई जहाज उड़ा कर रख रहे हैं. कोरोना काल में लोग ऐसे ही मेडिकल मालिकों से संबंध बताकर उन्हें धोक दे रहे थे. जिन पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों से लोग हूं-हां में बात करते थे, उन्हें इन दिनों भाई साहब, भैया कहकर संबोधित कर रहे हैं. अचानक इस मिले इस सम्मान से पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसी के मालिक फूले नहीं समा रहे हैं और इन दिनों वे उसी अंदाज में सीना फुलाए घूम रहे हैं, जैसे पहली बार कोई मंत्री पद की शपथ लेता है.

**इलेक्ट्रिक वाहन वाले सीना फुला कर निकल रहे...**

जिस प्रकार दीवार फिल्म में एक संवाद था कि आज मेरे पास बैंक बैलेंस है, प्रॉपर्टी है, गाड़ी है, बंगला है.. तुम्हारे पास क्या है. तो जवाब मिलता था कि मेरे पास मां है. आज जिनके पास इलेक्ट्रिक वाहन हैं, वे पेट्रोल-डीजल गाड़ियों को देखकर सीना फुला कर घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि तुम्हारे पास न पेट्रोल है, न डीजल है... हमारे पास इलेक्ट्रिक वाहन है.

**मात्रा सीमित कर देंगे, तो भीड़ कम हो जाएगी**

यदि पेट्रोल पम्प पर डीजल-पेट्रोल देने की मात्रा तय कर दी जाए, तो काफी हद तक ये भीड़ पम्पों से छंट जाएगी. कई लोग स्टॉक करने में लग हैं. स्टॉक के चलते ही पम्पों पर भीड़ लग रही है. चूंकि अभी किसानी काम चल रहा है, तो सबसे ज्यादा ट्रेक्टर और हार्वेस्टर वालों की भीड़ पम्पों पर हैं. वहीं दूसरी ओर ट्रक भी पम्पों पर भारी मात्रा में लाइन में खड़े हैं. अब देखना यह है कि पेट्रोल पम्प से ये लाइन कब खत्म होती है. तब पता चलेगा कि ये अफवाह है या सही में दिक्कत है.

**अंत में...**

राजनीति के चरित्र में एक ही खुबी है, कि उसका कोई चरित्र नहीं होता...

---

### टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

**शाजापुर, 25 मार्च.** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ गत दिवस विश्व क्षयरोग दिवस पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य के मार्गदर्शन में किया गया. अभियान का मुख्य उददेश्य 100 दिवस में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में टीवी के लक्षणों के टीवी आधार पर हेन्ड हेल्ड एक्स रे मशीन के माध्यम से स्क्रीनिंग एवं नाट टेस्टिंग करवाया जाने से होने वाली मृत्यु दर में कमी लाना, उपचार के साथ-साथ अधिक से अधिक मात्रा में पोषण सहायता प्रदान करना एवं निक्षय मित्र बनाना है. विश्व क्षय रोग दिवस के पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. रैली का शुभारंभ जिला क्षय केन्द्र जिला चिकित्सालय शाजापुर से किया गया. रैली में सिविल सर्जन, जिला क्षय अधिकारी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे. रैली में शहरी एवं ग्रामीण आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता ली गई.

---

# प्राकृतिक और मानव आपदा प्रबंधन के लिए ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण

## मप्र जन अभियान परिषद द्वारा कुम्हारिया खास में किया आयोजन

**शाजापुर, 25 मार्च. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला शाजापुर के नेतृत्व में ग्राम कुम्हारिया खास में आपदा प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इसका आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कैलास भिलाला द्वारा किया गया.**

मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमृतराज सिसोदिया थे.



अध्यक्षता सरपंच महेश कुमार पाटीदार ने की. सचिव रामकृष्ण विश्वकर्मा, वरिष्ठ अध्यापक बहादुर पूरी गोस्वामी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्ण भालोट, भाजपा महामंत्री व मंदिर पुजारी रामभरोसे बैरागी उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ. तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की भूमिका प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कैलाश भिलाला द्वारा रखी गई.

**आपदा से बचाव के साथ ही जागरुकता लाना उद्देश्य**

कार्यक्रम के उद्देश्य को समझाते हुए प्रशिक्षण की शुरुआत कर मेंटर्स कामिनी शर्मा ने बताया कि आपदा प्रबंधन समिति बनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य आने वाली आपदा से बचाव साथ ही जागरुकता लाना, ताकि अचानक होने वाली आपदा के दुष्परिणाम से जन-धन की हानि को कम किया जा सके. साथ ही प्राकृतिक आपदा और मानव निर्मित आपदा दोनों को विस्तार से समझाया गया. साथ ही उपस्थिति समितियों के सभी सदस्यों को आपदा निवारण और प्रबंधन कैसे करें समझाया गया. उनकी भूमिका और सामाजिक सतर्कता से हर मुश्किल आपदा से सुरक्षित रहा जा सकता है, बताया गया. कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति भिलाला, हंसा भिलाला, आशा कार्यकर्ता संगीता नाथ, मांगीलाल भिलाला, मांगीलाल पाटीदार, तेजकरण कारपेंटर, श्रीमती पिंकी साहू आदि उपस्थित रहे.



### स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण पर बल दिया

मोहन बड़ोदिया ब्लॉक की मेंटर्स श्रीमती कामिनी शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि अमृतराज सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में जन अभियान परिषद के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की और समितियों के निर्धारण पर हर्ष व्यक्त किया. साथ ही कोरोना और अन्य मानव निर्मित आपदाओं से बचने के लिए संयमित जीवन और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण पर बल दिया. साथ ही बाढ़, सूखा, आगजनित घटनाओं पर चर्चा कर बताया कि ये समितियां इनकी रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. तन और मन से इसमें पूरा सहयोग करे. सरपंच महेश पाटीदार ने इस कार्य को अच्छे से करने और हर व्यक्ति से आपदा निर्माण और गांव के विकास में योगदान देने तथा स्वच्छ गांव समृद्ध गांव बनाने की बात रखी. कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी अतिथियों ने अपने विचार रखे. संचालन मंत्री रामकृष्ण विश्वकर्मा ने किया. आभार रोजगार सहायक पवन पाटीदार ने माना.

---

**एक नजर में** — रेडक्रॉस के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# रेड क्रॉस का भवन होने से आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रशिक्षण को गति मिलेगी

**शाजापुर, 25 मार्च. भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा शाजापुर का पिछले दिनों निर्वाचन हुआ था, जिसमें विभिन्न लोगों को विभिन्न पदों के लिए चुना गया था. नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी प्रदेश चेयरमेन डॉ. श्याम कुमरे थे. अध्यक्षता शाजापुर कलेक्टर और अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी सुश्री ऋजु बाफना ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद मौजूद रहे.**





जिला पंचायत सभागृह में आयोजित नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ, जिसमें चेयरमेन दिनेश तिवारी, सीएमएचओ एवं सचिव डॉ. कमला आर्य, उपाध्यक्ष जितेंद्र गुरेनिया, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजकुमार पाटीदार, मानसेवी सचिव विशाल झाला, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र नायक, कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंदल, रामकृष्ण पाटीदार, डॉ. सपना जैन, ओमप्रकाश चौधरी, श्रीमती संध्या सक्सेना, नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के रूप में शपथ ली.





### नव निर्वाचित कार्यकारिणी को दी बधाई

इस दौरान विधायक भीमावद ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा शाजापुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी. साथ ही उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि शाजापुर जिला हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं. उन्होंने रेडक्रॉस के माध्यम से सामाजिक चेतना बढ़ाने तथा रेडक्रॉस के सेवा कार्यों में पूर्ण सहयोग करने के लिए कहा. रेड क्रॉस सोसाइटी जिला अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि रेडक्रॉस के माध्यम से सेवा कार्य कर हम शाजापुर जिले को और आगे प्रगति की ओर लेकर जा सकते हैं. साथ ही शाजापुर जिले में रेडक्रॉस के माध्यम से स्वास्थ्य एवं जिला चिकित्सालय में अनेकों कार्य किए जा सकते हैं. उन्होंने कहा कि शाजापुर जिला शिक्षा के क्षेत्र में पहले से ही अग्रणी रहा है, अब शाजापुर जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अग्रणी लाना हैं.

### जिला हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर

इस अवसर पर डॉ. श्याम कुमरे ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा शाजापुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शाजापुर इकाई की सक्रियता की सराहना की. साथ ही उन्होंने शाजापुर में रेड क्रॉस की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए भवन हेतु उपयुक्त भूमि का आवंटन कराने के लिए कहा. उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस का भवन होने से आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रशिक्षण को गति मिलेगी. इस दौरान उन्होंने निजी विद्यालयों, शासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस सदस्यता अभियान चलाने, समय-समय पर रेडक्रॉस के माध्यम से सीआरपी/डिजास्टर मैनेजमेंट आदि गतिविधियों के संबंध में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने आदि गतिविधियां आयोजित करने के लिए कहा.

### रेडक्रॉस का विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत किया...

इस अवसर पर नवनियुक्त चेयरमैन दिनेश तिवारी ने शाजापुर जिले के लिए रेडक्रॉस का विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत किया, जिसमें जूनियर रेड क्रॉस का सशक्तिकरण और जन औषधि केंद्र की स्थापना को प्राथमिकता दी गई है. मुख्य अतिथि डॉ. कुमरे द्वारा नवनियुक्त चेयरमैन दिनेश तिवारी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र गुरेनिया, मानसेवी सचिव विशाल झाला, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र नायक एवं सदस्य रामकृष्ण पाटीदार, ओमप्रकाश चौधरी, विकास सिंदल, डॉ .सपना जैन, श्रीमती संध्या सक्सेना को सेवा के सात सिद्धांतों की शपथ दिलाई गई. प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजकुमार पाटीदार का भी समिति द्वारा विशेष अभिनंदन किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. श्री कुमरे द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के उक्त सभी को प्रमाण पत्र भी भेंट किये गये. इस अवसर पर नगर के सामाजिक संगठन के सदस्य गणमान्य नागरिक विभाग कार्यवाह शैलेन्द्र सोनी, जगदीश भावसार, दिनेश झाला, विवेक दुबे उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन हेमंत दुबे ने किया एवं आभार प्रदर्शन विशाल झाला ने माना.